बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 3379350 / पटना/ दिनांक 22/11/2024

ग्रा०वि०-11/बि०वि०प०-21/2024

प्रेषक

नन्द किशोर साह,
अपर सचिव।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :- श्री सैयद फैजल अली, मा०स०वि०प० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–Neva-1/208/362 के हस्तांतरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक श्री सैयद फैजल अली, मा०स०वि०प० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–Neva-1/208/362 का विषयवस्तु पथ निर्माण विभाग से संबंधित है ।

अतः तारांकित प्रश्न संख्या–Neva-1/208/362 की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने स्तर से प्रश्नोत्तर बिहार विधान परिषद सचिवालय को भेजने की कृपा की जाय ।

इसकी सूचना बिहार विधान परिषद सचिवालय को भी प्रेषित की जा रही है।

अनु०- यथोक्त ।

विश्वासभाजन

22/11/24

(नन्द किशोर साह)
अपर सचिव

ज्ञापांक 3379350 / पटना, दिनांक 22/11/2024

प्रतिलिपि- प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद के प्रश्नोत्तर शाखा (NEVA) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि उपर्युक्त तारांकित प्रश्न को ग्रामीण विकास विभाग की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय।

22/11/24

अपर सचिव

ज्ञापांक 3379350 / पटना, दिनांक 22/11/2024

प्रतिलिपि- माननीय मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

22/11/24

अपर सचिव

①

STARRED QUESTION

Starred D. No.
1/208/362

Received Date
15/11/2024

Notice of Admission sent on:
19/11/2024

Sent Date to Department
19/11/2024

Subject:	पुल का निर्माण
Member	Mr. Syed Faisal Ali(Legislative Assembly)
Department	Rural Development

क्या मंत्री, Rural Development विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत चिरैया विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड चिरैया के ग्राम गोढ़िया से हराज टिकुलिया में बूढ़ी गंडक नदी पर पुल बनवाने की मांग वर्षों से की जा रही है;

(ख) क्या यह सही हे कि चिरैया विधानसभा अन्तर्गत प्रखण्ड चिरैया के पश्चिमी भाग में ग्राम सरसावा से ग्राम डीह महुआही के बीच हहवा नदी पर पुल बनवाने की माँग वर्षों से लंबित है;

(ग) क्या यह सही है कि चिरैया विधान सभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज खरतरी पश्चिमी के ग्राम बेला से पतजिलवा जाने वाली सड़क में बूढ़ी गंडक नदी की मरधर पर पुल निर्माण कार्य लंबित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुल बनाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

यह एक इलेक्ट्रॉनिक रूप से उत्पन्न पीडीएफ है, इसमें हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है

पथ निर्माण विभाग